**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**दोपहर समाचार**

**जीएसटी–प्रधानमंत्री–असम**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज असम के दरांग जिले में छह हज़ार तीन सौ करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इनमें दरांग मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, गुवाहाटी रिंग रोड और कुरुवा–नरेन्गी पुल शामिल हैं। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि असम देश के साथ तेज़ी से आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जीएसटी दरों में कमी से आमजन को होने वाले लाभ का भी उल्लेख किया।

**हिन्दी दिवस–मोदी/शाह**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिन्दी दिवस पर देशवासियों को शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि हिन्दी सिर्फ संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि देश की पहचान और मूल्यों की जीवंत विरासत है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने हिन्दी को बोलचाल के साथ–साथ तकनीकी क्षेत्र में भी अधिक प्रयोग करने की बात कही।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी प्रदेशवासियों को हिन्दी दिवस की शुभकामनाएँ दीं।

**पत्रकार – मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल मीडिया से चर्चा में कहा कि मध्यप्रदेश सरकार हर सुख–दुःख में पत्रकारों के साथ है। उन्होंने बताया कि जनसंपर्क विभाग की संचार प्रतिनिधियों यानि पत्रकारों के लिए स्वास्थ्य और दुर्घटना समूह बीमा योजना का प्रीमियम इस वर्ष भी पहले जैसा ही रहेगा। पिछले वर्ष से बढ़ी हुई प्रीमियम की अतिरिक्त राशि सरकार वहन करेगी।

**खेल समाचार**

विश्व मुक्केबाजी में भारत की जैस्मीन लम्बोरिया ने स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने 57 किलो भार वर्ग के फाइनल में पोलैंड की खिलाड़ी जूलिया को हराया।

एशिया कप क्रिकेट में आज भारत और पाकिस्तान के बीच बड़ा मुकाबला होगा। यह मैच रात 8 बजे से दुबई के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

**मानसून**

प्रदेश में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग ने बताया कि भोपाल, इंदौर और जबलपुर संभाग में तेज़ बारिश की संभावना है। आज आठ जिलों– खंडवा, बुरहानपुर, बैतूल, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और अनूपपुर में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इन जगहों पर चार इंच तक पानी गिर सकता है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- नर्मदापुरम में हिंदी दिवस मनाया जा रहा है। समाजसेवा, कला, साहित्य, संस्कृति को समर्पित हिन्दी दिवस पर पचमढ़ी में दो दिवसीय हिन्दी काव्य महोत्सव का आयोजन किया गया है।

- शिवपुरी जिले में डाक विभाग द्वारा सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाता खुलवाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।
- सतना जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक किया जाएगा जिसके लिए 46 केंद्र बनाए गए हैं।

--------------------------------